देशबन्धु

वर्ष – 5 | अंक–167 | सागर, रविवार, 2 अगस्त 2020 | पृष्ठ –8 | मूल्य – 2.00 रुपए

बिना योजना के चल रहे नौगांव नपा में निर्माण कार्य पृष्ठ 3

■ लोकमान्य तिलक और आज की पत्रकारिता पृष्ठ 4

■ पत्रकार को मोबाइल पर गालियां देने वाले शुभम पर हुआ मामला दर्ज पृष्ठ 6

कोरोना से बचाव का सशक्त माध्यम है मास्क और दूरी पृष्ठ 8

सार-समाचार

अमर सिंह का सिंगापुर में निधन

नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा सदस्य व पूर्व समाजवादी पार्टी नेता अमर सिंह का सिंगापुर के एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 64 वर्ष के थे। गुर्दारोग से पीड़ित अमर सिंह का सिंगापुर में इलाज चल रहा था। खबरों के मुताबिक, अमर सिंह की दूसरी किडनी का सफल प्रत्यारोपण हुआ था। लेकिन पेट में हुए संक्रमण को वह नहीं झेल सके। आखिरकार शनिवार को जिंदगी की जंग वह हार गए। उनके निधन पर उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया है। वह ज्यादा समय समाजवादी पार्टी के साथ रहे, लेकिन उन्होंने पार्टियों की सीमा से परे जाकर अपने दोस्त बनाए। उन्होंने सपा महासचिव रहते हुए 2008 में कांग्रेस नीत संप्रग सरकार को गिरने से बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। तब वाम दलों ने परमाणु करार के मुद्दे पर संप्रग से समर्थन वापस ले लिया था। अमर सिंह को अखिलेश यादव और उनके पिता मुलायम सिंह यादव के बीच तकरार के बाद साल 2017 में समाजवादी पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। फिर भी वह राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे।

अमर सिंह ने कुछ बड़े घटनाक्रमों को करीब से देखा : मोदी

नयी दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा सदस्य अमर सिंह के निधन पर शोक प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमर सिंह ऊर्जावान सार्वजनिक शख्सियत थे। पिछले कुछ दशकों में उन्होंने कुछ बड़े राजनीतिक घटनाक्रमों को करीब से देखा था। वह अनेक वर्गों के लोगों से अपनी मित्रता के लिए भी जाने जाते थे। उनके निधन से दुखी हूं।

ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर 37 पुलिसकर्मी निलंबित

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर पश्चिम दिल्ली की डीसीपी विजयंता आर्य ने शनिवार को ईद-उल-अजहा के मौके पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में 37 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया और उन्हें जिला पुलिस लाइन भेज दिया। पुलिसकर्मियों को त्योहार के दौरान विभिन्न जगहों पर ड्यूटी के लिए जाना था, लेकिन कम से कम 37 लोग नदारद पाए गए। इस मामले को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने रखा गया जिसके बाद कार्रवाई की गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, पुलिसकर्मियों ने लापरवाह रवैया दिखाया और एक महत्वपूर्ण त्योहार के दिन सुबह 5 के आसपास ड्यूटी पर पहुंचना था, लेकिन अपनी ड्यूटी से नदारद रहे। इसलिए, उनमें से 37 को निलंबित कर दिया गया और तत्काल प्रभाव से लाइन में भेज दिया गया। महामारी के बीच सुचारु रूप से त्योहार को मनाने के संबंध में दिल्ली पुलिस मुस्लिम समुदाय के सदस्यों के साथ थाना-स्तर पर बैठकों का आयोजन करती रही है।

तिवारी ने संप्रग शासन पर सवाल उठाने वाले पार्टी सहकर्मियों की निंदा की

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस में वरिष्ठ, बुजुर्ग नेताओं और टीम राहुल के बीच का टकराव खुलकर सामने आ गया है। इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने पार्टी नेताओं पर निशाना साधा, जिन्होंने केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के 10 सालों के शासन पर सवाल उठाए हैं। तिवारी ने उन्हें जानकारी से अनजान बताया है। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने इस संबंध में पार्टी एकता पर एक विपरीत तस्वीर पेश करने के लिए भाजपा का उदाहरण दिया। पंजाब के आनंदपुर साहिब से सांसद तिवारी ने ट्वीट किया, भाजपा 10 साल (2004-14) सत्ता से बाहर थी। एक बार भी उसने इसके लिए (अटल बिहारी) वाजपेयी या उनकी सरकार को जिम्मेदार नहीं ठहराया था। कांग्रेस में, दुर्भाग्यवश, कुछ गलत जानकारी वाले (नेता) राजग/भाजपा के खिलाफ लड़ने के बजाए डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार की आलोचना करने में लगे हुए हैं। जब एकजुटता की जरूरत है, तो वे बंटे हुए हैं। कई पार्टी सांसदों द्वारा संप्रग के शासन पर सवाल उठाने और कांग्रेस की गिरती साख पर पार्टी के भीतर आत्मचिंतन करने की मांग के बाद तिवारी ने यह टिप्पणी की है।

विशाखापट्टनम में हुआ बड़ा हादसा

क्रेन गिरने से 11 की मौत

विशाखापट्टनम, एजेंसी। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड परिसर में शनिवार को एक जेटी क्रेन गिरने से इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा दिन के 11.30 से 12 बजे के बीच उस समय हुआ जब अधिकारी क्रेन का परीक्षण कर रहे थे। क्रेन के टूटने के समय कम से कम 20 व्यक्ति मौके पर काम कर रहे थे, जिससे कई कर्मी उसकी चपेट में आ गए। अब तक बताए गए 11 हताहतों में चार व्यक्ति नियमित कर्मचारी बताए जाते हैं, जबकि शेष छह संविदा कर्मचारी हैं। जिले के अधिकारियों ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। जिले के कलेक्टर वी. विनय चंद ने कहा, 70 टन क्षमता वाली जेटी क्रेन को दो साल पहले खरीदा और कमीशन किया गया था। आज सुबह इसका परीक्षण शुरू किया गया था। परीक्षणों के दौरान, अधिकारी क्रेन के वजन उठाने की क्षमता का परीक्षण कर रहे थे तभी यह गिर गया। देर शाम तक माना जा रहा है कि कुछ मजदूर क्रेन के नीचे फंसे हुए हैं, क्योंकि बचाव दल और अन्य लोग गिरे क्रेन के मलबे के नीचे मोबाइल फोन के बजने की आवाज सुन सकते हैं।

नागपुर में बॉयलर फटने से 5 मजदूरों की मौत

नागपुर, एजेंसी। जिले में शनिवार को एक केमिकल प्लांट में बॉयलर फटने से 5 लोगों की मौत हो गई। हादसा दोपहर करीब 2 बजे उमरेड तहसील के बेला गांव स्थित मानस एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड फैक्ट्री में हुआ। मृतकों के परिजन ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लारवाही का आरोप लगाया है और शव लेने से इनकार कर दिया है। इस हादसे में मरने वालों की पहचान मंगेश प्रभाकर नौकारकर (21), लीलाधर वामनराव शिंदे (42), वासुदेव लादी (30), सचिन प्रकाश वाघमारे (24) और प्रताप पांडुरंग मून (25) के रूप में हुई है। ये सभी बडगांव के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि सचिन फैक्ट्री में वेल्डर का काम करता था, बाकी सब हेल्पर थे। यहां शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला केमिकल और एथनॉल तैयार होता था। आज टैंक के पास वेल्डिंग का काम जारी था और इसी दौरान उसमें से गैस लीक हुई और उसमें आग पकड़ने से यह धमाका हुआ। मरने वाले सभी मजदूर ठेके पर लाए गए थे।

परिजनों ने कंपनी पर लापरवाही का आरोप लगाया

किडनी कांड में शामिल डॉक्टर का कबूलनामा

सौ लोगों को मारकर मगरमच्छों को खिलाया

नई दिल्ली, एजेंसी। डॉक्टर को धरती पर दूसरा भगवान् कहा जाता है, जो जीवन देने का काम करता है। लेकिन इसी पेशे में एक डॉक्टर की करतूत खौफनाक है। पिछले दिनों दिल्ली में नारकोटिक्स सेल के हत्थे चढ़ा सीरियल किलर डॉ. देवेंद्र शर्मा ने कबूल किया है कि 100 से ज्यादा लोगों की हत्या की है। इतना ही नहीं सबूत मिटाने के लिए लाशों को मगरमच्छ का निवाला बना देता था।

गुरुग्राम किडनी कांड में शामिल अलीगढ़ के डॉ देवेंद्र शर्मा को दिल्ली में गिरफ्तार कर लिया गया था। डॉ शर्मा पर साल 2002 से 2004 के बीच दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में 100 से अधिक टैक्सी चालकों की हत्या करने का आरोप है। देवेन्द्र शर्मा किडनी केस में 16 साल से सजा काट रहा था और 20 दिनों के पेरोल पर बाहर आया था। दोबारा पकड़े जाने पर देवेन्द्र शर्मा ने कबूल किया है कि उसने 100 से ज्यादा लोगों को मारा है। उसने बताया कि 50 हत्याएं करने के बाद उसने गिनती करना छोड़ दिया था। देवेंद्र शर्मा राजस्थान में डॉक्टरी करते करते कातिल बन गया। एक निवेश में धोखे के बाद उसने जुर्म का रास्ता चुना था। फिर वह डॉक्टरी ■ शेष पृष्ठ 7 पर

कोरोना : एक दिन में रिकार्ड 57 हजार से अधिक मामले मिले

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में शनिवार को बीते 24 घंटों में कोविड-19 के रिकार्ड 57,117 नए मामले सामने आए हैं, वहीं इस अवधि में 764 मौतें दर्ज की गई हैं। ताजा आंकड़ों के बाद देश में कोरोनावायरस के कुल मामले 17 लाख के पास पहुंच गए हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि भारत में अब तक 16,95,988 कोरोना मामले सामने आए हैं, जिनमें से 36,511 मरीजों ने दम तोड़ दिया है।

मंत्रालय ने कहा कि बीते 24 घंटे में भिन्न क्वारंटाइन सेंटर्स और अस्पतालों से करीब 36,559 लोगों को छुट्टी देने के साथ ही देश में इससे उबरने वाले लोगों की संख्या 10,94,374 हो गई है। भारत में रिकवरी की दर 64.54 प्रतिशत है। कुल 5,65,103 मरीजों का अभी भी अस्पतालों और क्वारंटाइन सेंटर्स में इलाज चल रहा है। 16 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में रिकवरी दर राष्ट्रीय दर से ज्यादा है। सबसे अधिक मरीज दिल्ली, हरियाणा, असम, तेलंगाना, तमिलनाडु और गुजरात में इससे रिकवर हुए हैं।

सरकार का कहना है कि 31 जुलाई तक के कोरोनावायरस के 1,93,58,659 नमूनों का परीक्षण हुआ है। वहीं देशभर में शुक्रवार को 5,25,689 लोगों का परीक्षण किया गया। एक हफ्ते पहले, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, सिक्किम और मणिपुर में एक भी मौत दर्ज नहीं की गई थी, लेकिन अब इन राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों में भी कोरोना से होने वाली मौतें दर्ज की गई हैं। बीते 31 जुलाई तक मणिपुर और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह ने चार-चार मौतें और सिक्किम में एक मौत दर्ज की गई है। मिजोरम में कोरोना से अभी तक एक भी मौत दर्ज नहीं की गई है।

सुशांत की बहन का प्रधानमंत्री को पत्र, कहा-

सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका

मुंबई, एजेंसी। सुशांत सिंह राजपूत की बहन श्वेता सिंह कीर्ति ने शनिवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक खुला पत्र लिखा है। पत्र में श्वेता ने मामले को लेकर की जा रही जांच में सबूतों के साथ छेड़छाड़ की आशंका जताते हुए मोदी से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में उन्होंने यह भी दावा किया है कि सुशांत का बॉलीवुड में कोई गॉडफादर नहीं था, ना ही उसके परिवार का अभी कोई है। श्वेता ने पत्र को अपने सत्यापित फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, मैं सुशांत सिंह राजपूत की बहन हूं और मैं पूरे मामले की तत्काल जांच का अनुरोध करती हूं। हम भारत की न्याय व्यवस्था में विश्वास करते हैं और किसी भी कीमत पर न्याय की उम्मीद करते हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए पत्र में ■ शेष पृष्ठ 7 पर

उद्धव ने कहा- सुशांत मामले को बिहार और महाराष्ट्र के बीच झगड़ा न बनाएं

मुंबई, एजेंसी। सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या के मामले मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा है, मुंबई पुलिस बेकार नहीं है। अगर किसी के पास सबूत हैं तो उसे हमारे पास पहुंचा सकता है। हम उसके आधार पर आरोपियों से पूछताछ करेंगे और जो भी दोषी होगा उसे सजा भी देंगे। मेरी अपील है कि इस मुकदमे को महाराष्ट्र और बिहार के बीच झगड़े की वजह न बनाया जाए।

रिया चक्रवर्ती की याचिका पर 5 अगस्त को सुनवाई

मुंबई, एजेंसी। सुशांत सिंह राजपूत आत्महत्या मामले में पटना में दर्ज मामले को मुंबई स्थानांतरित करने के लिये अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट पांच अगस्त को सुनवाई करेगा। शीर्ष न्यायालय की वेबसाइट पर मौजूद सूची के मुताबिक इस याचिका पर सुनवाई बुधवार को न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ के समक्ष होगी। सुशांत (34) का शव मुंबई के उपनगर बांद्रा में 14 जून को अपने अपार्टमेन्ट में छत से लटका मिला था। इसके बाद से ही मुंबई पुलिस ■ शेष पृष्ठ 7 पर

धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के मामलों में सीबीआई ने की कार्रवाई

गौर सन्स के मालिक के बेटे और बहू पर मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रियल इस्टेट समूह गौर सन्स के चेयरमैन बी. एल. गौर के बेटे राहुल गौर, उनकी पूर्व पत्नी नवनीत गौड़ और उनकी कंपनी पर बैंक ऑफ बड़ौदा और सिंडिकेट बैंक के साथ कथित रूप से 80 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के सिलसिले में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि एक आवासीय परिसर के निर्माण की योजना के नाम पर यह धोखाधड़ी की गई है।

सीबीआई के एक अधिकारी ने कहा कि गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) के सेक्टर 150 में 291 लग्जरी अपार्टमेंट्स वाली उनकी फर्म ब्राइस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित हाई-एंड रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स को विकसित करने के लिए कंपनी को 250 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। अधिकारी ने कहा कि कंपनी को बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 150 करोड़ रुपये और सिंडिकेट बैंक द्वारा 100 करोड़ रुपये मंजूर किए गए थे। अधिकारी ने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपनी शिकायत में आरोप ■ शेष पृष्ठ 7 पर

एडीजी के खिलाफ दर्ज किया मामला

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुजरात हाईकोर्ट में लंबित एक मामले से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में जहाजरानी (शिपिंग) के सहायक महानिदेशक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 15 मार्च को सीबीआई इंस्पेक्टर आर.एस. गोसाईं द्वारा की गई शिकायत पर प्रारंभिक जांच दर्ज करने के बाद सीबीआई की टीम ने जहाजरानी के एडीजी संदीप अवस्थी के आवास पर शुक्रवार को तलाशी ली थी।

प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि अवस्थी ने मामले को दबाए रखने के लिए निर्यातक प्रकाश बी राजपूत से रिश्वत के रूप में 50,000 रुपये लिए थे। जहाजरानी महानिदेशालय द्वारा जारी आदेश को निर्यातकों राजपूत और प्रशांत शुक्ला द्वारा हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। सीबीआई ने आरोप लगाया कि अवस्थी को सुनवाई में देरी और जहाजरानी के डीजी के जवाबी हलफनामे दाखिल करने में देरी करने के लिए भी कहा गया था। सीबीआई ने कहा कि उसे जानकारी मिली थी ■ शेष पृष्ठ 7 पर

स्मार्ट इंडिया हैकाथन में बोले मोदी

शिक्षा प्रणाली में अब हो रहा व्यवस्थित

नयी दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए स्मार्ट इंडिया हैकाथन के ग्रैंड फिनाले को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीती सदियों में हमने दुनिया को एक से बढ़कर एक साइंटिस्ट, टेकनीशियन्स, तकनीकी उद्यमी दिए हैं। लेकिन आज तेजी से बदलती हुई दुनिया में भारत को अपनी वही प्रभावी भूमिका निभाने के लिए उतनी ही तेजी से बदलना होगा।

उन्होंने कहा कि इसी सोच के साथ अब देश में इनोवेशन के लिए, रिसर्च के लिए, डिजाइन के लिए और विकास के लिए जरूरी इको सिस्टम तेजी से तैयार किया जा रहा है। अब क्वालिटी ऑफ इजुकेशन पर भारी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ऑनलाइन एजुकेशन के लिए नए संसाधनों का निर्माण हो या फिर स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन जैसे ये अभियान, प्रयास यही है कि भारत की शिक्षा और आधुनिक बने, मॉडर्न बने, यहां के टैलेंट को पूरा अवसर मिले। उन्होंने कहा कि भारत की शिक्षा प्रणाली में अब व्यवस्थित सुधार हो रहा है, शिक्षा के प्रयोजन और विषय-वस्तु में सुधार का प्रयास किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप भी अपने आसपास देखते होंगे कि आज भी अनेक बच्चों को लगता है कि उनको एक ऐसे विषय के आधार पर जज किया जाता है, जिसमें उसका इंटरेस्ट ही नहीं रहा। मां-बाप का, रिश्तेदारों का प्रेशर होता है तो वो दूसरों द्वारा चुने गए सबजेक्ट्स पढ़ने लगते हैं। नई शिक्षा नीति के माध्यम से इसी अप्रोच को बदलने का प्रयास किया जा रहा है, पहले की कमियों को दूर किया जा रहा है। भारत की शिक्षा व्यवस्था में अब एक सिस्टेमैटिक रिफॉर्म, शिक्षा का इंटेंट और कंटेंट, दोनों को ट्रांसफ्राम करने का प्रयास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे संविधान के मुख्य शिल्पी, हमारे देश ■ शेष पृष्ठ 7 पर

कोरोना के प्रति जागरूकता लाने किल कोरोना अभियान-2 प्रारंभ, मुख्यमंत्री ने कहा-

लॉकडाउन स्थाई समाधान नहीं, कोरोना को पूरी तरह समाप्त करना ज़रूरी

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिना जनता के सक्रिय सहयोग के कोरोना को पूर्ण रूप से परास्त नहीं किया जा सकता। लॉक डाउन करना कोरोना का स्थाई समाधान नहीं है। कोरोना को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए यह जरूरी है कि हर व्यक्ति यह संकल्प ले कि वह अनिवार्य रूप से मास्क का उपयोग करेगा तथा फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करेगा अर्थात एक दूसरे से पर्याप्त दूरी बनाए रखेगा। इसी के माध्यम से संक्रमण की चेन टूटेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना को पूर्ण रूप से समाप्त करने के लिए किल कोरोना अभियान 2 के रूप में जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जो 1 अगस्त से प्रारंभ होकर 14 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान के दौरान हमें एक दूसरे के पूरे सहयोग से दृढ़ संकल्पित होकर संक्रमण की चैन को पूरी तरह तोड़ देना है। उन्होंने सभी से अपील की है कि वे प्रदेश को कोराना संक्रमण से मुक्त करने में इस अभियान में अपना पूर-पूरा सहयोग प्रदान करें।

किल कोरोना अभियान के मुख्य बिन्दु : किल कोरोना अभियान-2 के दौरान निगरानी एवं समन्वय के लिये गृह विभाग को राज्य-स्तर पर नोडल विभाग बनाया गया है। इस अभियान में संचालित गतिविधियों में गृह विभाग के साथ-साथ नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा भी कार्यवाही की जाएगी। अभियान की थीम संकल्प की चेन जोड़ो-संक्रमण की चेन तोड़ो है। इसके साथ ही एक मास्क-अनेक जिंदगी और रोको-टोको की कार्यवाही भी सतत् रूप से जारी रखी जाएगी। जन-प्रतिनिधि अपने कार्यालय अथवा निवास स्थान पर आम जनता से मिलकर उनकी समस्याएँ/शिकायतें सुन सकते हैं, किन्तु इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि एक समय में 5 से अधिक लोग एकत्र न हों। मास्क एवं फिजिकल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन किया जाना सभी के लिये अनिवार्य होगा। जो इन नियमों का पालन नहीं करेगा, उनके विरुद्ध जुर्माना तथा अन्य विधिक कार्यवाही की जाएगी। बगैर मास्क लगाए घर के बाहर निकलने पर नियमानुसार चालान तो होगा ही, लेकिन इसके साथ ही 2 मास्क भी निःशुल्क दिए जाएंगे।

लॉकडाउन से पहले शासन की अनुमति जरूरी

आभासी होंगे शिलान्यास, लोकार्पण और रैलियां

तीन अगस्त के बाद आर्थिक गतिविधियों के संचालन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तर से किसी भी तरह के लॉकडाउन का आदेश बिना राज्य शासन की पूर्व अनुमति के जारी नहीं किया जाएगा। किल कोरोना अभियान-2 अंतर्गत जन-प्रतिनिधियों द्वारा सार्वजनिक दौरा कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे तथा क्षेत्र में जाकर विकास कार्यों के शिलान्यास, भूमि-पूजन एवं लोकार्पण आदि आयोजन प्रतिबंधित रहेंगे। शिलान्यास, भूमि-पूजन/लोकार्पण आदि कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोशल डिस्टेंसिंग के मापदण्डों का पालन करते हुए आयोजित किये जा सकते हैं। इस अवधि में सभी प्रकार की राजनैतिक रैलियों का आयोजन भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जन-प्रतिनिधि गण अपने क्षेत्र में ऑनलाइन वर्चुअल रैलियों का आयोजन कर सकते हैं।